# डीएमएफ दफ्तर के टेंडर में झोल, ईई पर शक

## जिला खनिज प्रतिष्ठान दफ्तर एवं ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए 7 करोड़ 42 लाख रुपए हैं मंजूर

**नव भारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 नवम्बर. जिला खनिज प्रतिष्ठान दफ्तर एवं ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 7 करोड़ 42 लाख रूपये मंजूर है. जहां भवन के टेंडर में झोल की बू आ रही है. हालांकि यह टेंडर पिछले वर्ष 2024 अप्रैल महीने में हुआ था. टेंडर में सीडा के प्रभारी कार्यपालन यंत्री ने व्यापक खेल खेला है.**



दरअसल सिंगरौली जिला खनिज प्रतिष्ठान कार्यालय एवं ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य के लिए पिछले वर्ष 12 अप्रैल तक ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किया गया था. जहां इस कार्य के लिए एक ही संविदाकार का टेंडर आया और बोर्ड सदस्य ने टेंडर को खोल भी दिया. उक्त भवन टेंडर के लिए उक्त भवन निर्माण का कार्य मेसर्स जीजी इन्टरप्राइजेज इंदौर को दिया गया. हालांकि कार्य की अनुमानित लागत 7 करोड़ 42 लाख रूपये से ऊपर की गई थी और स्वीकृत दर में 3.97 प्रतिशत एसओआर से अधिक माना गया. हालांकि बाद में खनिज प्रतिष्ठान बोर्ड ने एसओआर से अधिक भुगतान करने के लिए सहमति नहीं हुआ.

हालांकि इसमें जीएसटी अतिरिक्त है. अब सवाल उठ रहा है कि किस भवन के निर्माण के लिए एक बार ही निविदा आमंत्रित की गई और उक्त कार्य के निविदा में एक ही संविदाकार हिस्सा लिया. इधर चर्चा है कि एक अन्य संविदाकार ने भी निविदा में हिस्सा लिया था, लेकिन तकनीकी कमियॉ बताकर उसके निविदा को निरस्त कर दिया गया. निविदा किसने डाला, कौन ठेकेदार है, क्यों निरस्त किया गया, इसका मुख्य वजह आरटीआई के तहत जानकारी देने में सिंगरौली विकास प्राधिकरण हाथ खड़े कर लिया है. अब यही से इस बात की चर्चा होने लगी है कि करोड़ों के इस कार्य को एक बार ही निविदा क्यों आमंत्रित की गई और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार प्रभारी कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम सीडा ने क्यों नही कराया. इसके पीछे कई रहस्य छुपे हैं और इस रहस्यमयी खेल में कई खिलाड़ी शामिल हैं. कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम अपने कारनामों के चलते शुरू से ही चर्चाओं में रहे हैं. यदि इनके कामकाज की जांच करा दी जाये तो कई चौकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं. हालांकि अब एक महीने पूर्व तक उन्हें जिला पंचायत से खुला संरक्षण था. वह जगजाहिर है. डीएमएफ दफ्तर एवं ऑडिरोटियम निर्माण कार्य के टेंडर में सवा साल बाद कुछ बातें निकलने लगी हैं और इन बातों में कितना दम है.

# सम्मेलन में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव हो सकता है पारित

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम। नगर निगम का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा की अध्यक्षता तथा महापौर प्रहलाद पटेल, महापौर परिषद सदस्य व पार्षदों की उपस्थिति में 6 नवम्बर गुरूवार को प्रातः 11 बजे से निगम सभागृह में होगा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन , विकास और सुशासन के नए युग में भारत प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री जी के दुरदर्शी नेतृत्व से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। लोकतंत्र की मजबूती, आर्थिक सुधारों की निरंतरता और स्वदेशी के माध्यम से भारत 2047 तक विकसित बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन राष्ट्रीय संकल्प में मध्यप्रदेश के नगर निकायो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने से एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रस्ताव को विचार-विमर्श कर पारित किया जाना है। नगरीय निकायों की दृष्टि से भी यह पहल अत्यंत सार्थक है, क्योंकि चुनावी आचार संहिता के बार-बार लागू होने से बाधित शहरी परियोजनाएँ अब सूचारू रूप से आगे बढ़ सकेगी जिससे नगरों के विकास की गति और अधिक तीव्र होगी। आत्मनिर्भर भारत संकल्प में स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नही, बल्कि आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय गौरव और स्थानीय सशक्तिकरण का प्रतीक है। स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है बल्कि स्थानीय उघोगों, कारीगरों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होता है। स्वेदशी से स्थानीय निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी एवं यह आत्मनिर्भर निकाय की दिशा में महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध होगा। इस प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श कर पारित किया जाना है।

जीएसटी 2.0 रिफार्म से हॉल ही में केन्द्र सरकार के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक बदलाव कर आमजन, व्यापारियों एवं उघोगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है इस जनहितैषी निर्णय ने देश को ''एक राष्ट्र- एक कर- एक बाजार'' की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढाया है। पारदर्शी और सरल कर प्रणाली से आर्थिक गतिविधियों में तीव्रता आई है तथा इससे राज्यों और नगरीय निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी इस हेतु धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाना है।

विकास शाखा द्वारा नगर सुधार न्यास की विभिन्न आवासीय/व्यावसायिक योजनाओं में 95 आवासीय भू-खण्ड/भवन की आगामी 30 वर्षो के लिये लीज अवधि बढ़ाये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा कर निर्णय लिया जाना है।

# ग्रीन एनर्जी का पावर हाउस बनता जा रहा विंध्य

▶ दिल्ली मेट्रो के बाद इंदौर-भोपाल को भी देगा सौर ऊर्जा

**नव भारत न्यूज**

**रीवा, 1 नवम्बर. जिले के गुढ़ सोलर प्लांट से अभी तक दिल्ली की मेट्रो ट्रेन चल रही थी पर बहुत जल्द इंदौर और भोपाल की मेट्रो ट्रेन भी यहा की बिजली से दौड़ेगी.**



एशिया के सबसे बड़े सौर्य ऊर्जा केन्द्र अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क का विस्तार भी किये जाने की योजना है. इंदौर भोपाल मेट्रो को बिजली आपूर्ति को अंतिम तैयारी देने का काम चल रहा है. रीवा जिले की गुढ़ तहसील में स्थापित 750 मेगावाट क्षमता वाला यह सोलर पार्क पहले ही दिल्ली मेट्रो को दिन के समय बिजली सप्लाई कर रहा है. दिल्ली मेट्रो की 60 से 90 प्रतिशत बिजली जरूरत रीवा की हरित ऊर्जा से पूरी होती है. अब यही सफल मॉडल इंदौर और भोपाल मेट्रो में लागू किया जाएगा, जिससे दोनों शहर देश के पहले ग्रीन मेट्रो शहरों में शुमार होंगे. सरकार ने वर्ष 2026 तक मेट्रो को रीवा सोलर ग्रिड से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है. इससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिलेगा बल्कि राज्य को करोड़ों रुपये की बचत भी होगी, क्योंकि सौर ऊर्जा की दर बिजली से करीब 30 से 40 प्रतिशत कम है.

**संयुक्त उपक्रम**

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड, जो मप्र ऊर्जा विकास निगम और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का संयुक्त उपक्रम है, इस विस्तार परियोजना की रूपरेखा पर तेजी से काम कर रहा है. यह विस्तार न केवल मेट्रो परियोजनाओं को हरित ऊर्जा उपलब्ध कराएगा बल्कि राज्य की समग्र ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगा. रीवा सोलर पार्क का असर स्थानीय स्तर पर भी दिख रहा है. रीवा के बदवार, बरसैता देश, इटार पहाड़ और रामनगर जैसे गांवों में इस परियोजना ने विकास की नई कहानी लिख दी है.

# 51 हजार दीपमालाओं से हुआ दीपोत्सव

**चित्रकूट से लेकर अमरकंटक तक 3,51,111 दीपमाला**

**मां शारदा नगरी में आल्हा तलैया तट जगमगाया**

**सतना, 01 नवम्बर. देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन दिवस पर जब संपूर्ण सृष्टि में देवता पुनः जाग्रत होते हैं, उसी शुभ घड़ी में श्रीराम पथ गमन के पावन मार्ग पर भक्ति, प्रकाश और संस्कृति का महा-संगम प्रस्फुटित हुआ.**



3,51,111 दीपों की ज्योति जब एक साथ प्रज्वलित हुई, तब यह केवल दीपों का उत्सव नहीं रहा, बल्कि वह क्षण हो गया जब चित्रकूट से अमरकंटक तक श्रीराम के चरणचिह्नों की स्मृति पुनः आलोकित हो उठी. श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा आयोजित यह 'दीपोत्सव पर्व-2025' न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि हमारी सभ्यता, आस्था और संस्कृति की वह अखंड ज्योति है जो पीढ़ियों से पीढ़ियों तक हमारे भीतर 'रामत्व' को उजागर करती रहेगी. दर्शन मात्र से ही भक्तों के दुःख हर लेने वाली माँ शारदा की नगरी में आल्हा तलैया के पावन तट पर न्यास द्वारा 51000 दीपमालाओं के प्रकाश से मैहर नगरी जगमगा उठी. न्यास द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से किया गया.

# बुजुर्ग को रौंदता हुआ निकला कार चालक

**शाजापुर, 1 नवंबर.** जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर उज्जैन जिले के तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी के पास शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक सडक़ हादसा हो गया. शाजापुर से मक्सी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने सडक़ किनारे खड़े एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी. इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना एकता होटल के पास हुई, बंजारी निवासी उदाजी गुर्जर अपने खेत पर जाने के लिए सडक़ किनारे खड़े थे. तभी तेज गति से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे के बाद कार चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया.

# अजंदा व राजावाट मंडलों में पथ संचलन

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष**

**पथ संचलन का जगह-जगह स्वागत किया गया**

**आलीराजपुर, 01 नवम्बर . आलीराजपुर जिले के छकतला खंड अंतर्गत मथवाड़, अजंदा व राजावाट मंडलों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर ऐतिहासिक व साहसिक पथसंचलन निकाला गया.**



मथवाड़ मंडल पालक श्री कांग्रेस जी नरगावा ने बताया कि 1925 में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा स्थापित संघ इस वर्ष अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा है. इसी क्रम में जिलेभर में पथ संचलन आयोजित किए जा रहे हैं. मथवाड़ में निकला संचलन लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए नगर की गलियों से गुजरा, जहां नागरिकों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया. घने जंगलों व विंध्याचल पर्वतों से घिरे इस क्षेत्र में संचलन दृश्य आकर्षक रहा. कार्यक्रम की शुरुआत व्यायाम, गीत व संघ प्रार्थना से हुई. मुख्य वक्ता कैलाश जमरा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष आत्मचिंतन व पुनः समर्पण का समय है. समाज से मिले अपार समर्थन के प्रति कृतज्ञ रहते हुए राष्ट्र के पुनर्निर्माण हेतु समर्पित रहना ही उद्देश्य होना चाहिए उन्होंने पंच

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार

▶ युवती से बात करने के संदेह में किया था हथियार से हमला

**छिंदवाड़ा, 01 नवम्बर. महिला से बात करने के संदेह में 13 युवकों ने मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर से गंभीर रूप से घायल कर दिया था.**


उक्त मामले में पुलिस ने सभी 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि 29 अक्टूबर की रात 10 बजे लगभग चौकी सिंगोड़ी के ग्राम पटनिया निवासी पवन पिता गीतमल गुन्हेरे 24 वर्ष अपने भतीजे अर्जुन गुन्हेरे, दोस्त अर्जुन चंद्रवंशी, चचेरा भाई धनराज गुन्हरे एवं करन गुन्हेरे के साथ देवेन्द्र ढाबा सिंगोड़ी में खाना खा रहा था. खाना खाते समय अर्जुन गुन्हेरे के फोन पर पटनिया निवासी सोनू ढाकरिया का फोन आया और बोला कि मेरी बहन से फोन पर क्यो बात करता है, इसी बात पर पवन गुन्हरे एवं आरोपी सोनू ढाकरिया के बीच फोन पर ही विवाद हुआ. पवन गुन्हेरे ढाबे से खाना खाकर अपने साथियों के साथ अपने घर जाने लगा. पवन गुन्हेरे अपने साथियों के साथ जैसे ही ग्राम भजिया के पास पहुंचे तभी आरोपी आलोक नागवंशी, सत्यम उर्फ शंकर विश्वकर्मा, सोनू ढाकरिया, मनीष नागवंशी ने उसे रास्ते में रोककर पवन को धारदार हथियार से पेट में मार दिया.

# ट्रेन में पहली बार 13 क्विंटल मक्का लोड

**सांसद ने विधिवत पूजन कर रैक को किया रवाना**

**बुरहानपुर स्टेशन से मालगाड़ी कर्नाटक भेजी**

**बुरहानपुर, 01 नवम्बर. बुरहानपुर रेलवे स्टेशन से पहली बार रेल के माध्यम से 13 हज़ार क्विंटल से अधिक मक्का की रैक ट्रक से मालगाड़ी में लोड हुई.**



खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने विधिवत पूजन कर रैक को रवाना किया. इस अवसर पर सांसद ने कहा कि यह क्षेत्र के किसानों के लिए हर्ष का विषय है कि खंडवा के बाद बुरहानपुर से भी पहली बार मक्का रेल के माध्यम से कर्नाटक के लिए भेजी जा रही है. इच्छापुर के व्यापारी मनोज व अशोक बाफना द्वारा यह उपज रेल के माध्यम से भेजी गई है. सांसद ने कहा निश्चित ही इस पहल से मक्का उत्पादक किसानों को उत्पादन का उचित मूल्य मिलेगा. वही ट्रक चालक, माल लोड करने वाले मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध होगा. प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जन व किसान हितैषी सरकार है. किसानों की आय दुगनी कैसे हो इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है. इस दौरान महापौर माधुरी अतुल पटेल, कृषक विजय सपकाले, श्रीकृष्ण मानकर, संजय पाटिल आदि मौजूद रहे.



**नरोत्तम मिश्रा ने गांवों का दौरा किया**

**दतिया.** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज सुबह अतिवृष्टि से प्रभावित गांवों का दौरा किया. उन्होंने दतिया के पचोखरा, सीतापुर, गोविन्द पुर और रिछारी गांव का दौरा कर किसानों के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआयना किया. उन्होंने किसानों से चर्चा कर जल्द सर्वे कराने और मुआवजा राशि दिलवाने का भरोसा दिया.

# डायल-112 अब बनेगी जीवन रक्षक पुलिस

## पुलिस जवानों और पायलटों को दिया सीपीआर-बीएलएस का प्रशिक्षण

**नीमच,01 नवम्बर. अब नीमच पुलिस की डायल-112 टीम केवल त्वरित सहायता ही नहीं, बल्कि जीवन रक्षक कौशल से भी लैस होगी.**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में सीपीआर और बीएलएस का विशेष प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम, नीमच में आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर को जिला अस्पताल नीमच के विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. सतीश चौधरी (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. राजेश धाकड़ (आपातकालीन चिकित्सा




अधिकारी) और डॉ. जन्मेजय शाक्या के सहयोग से संपन्न हुआ. कार्यक्रम के दौरान डायल-112 में कार्यरत 33 पुलिसकर्मियों और 32 एफआरवी पायलटों को प्रशिक्षित किया गया. चिकित्सकों ने जवानों को हृदय गति रुकने, सांस न लेने या दुर्घटना जैसी आपात स्थितियों में जीवन रक्षक सीपीआर तकनीक की बारीकियां सिखाईं.

प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस जवानों को घटनास्थल पर फर्स्ट रेस्पॉन्डर के रूप में सक्षम बनाना है, ताकि वे जरूरत पड़ने पर किसी घायल या अचेत व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचा सकें. सीपीआर एक ऐसी तकनीक है जो किसी व्यक्ति की हृदय गति या सांस रुकने पर उसे दोबारा जीवित करने में मदद करती है. अक्सर हादसों या आपातकालीन स्थितियों में समय पर सीपीआर देने से अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं. अब नीमच की डायल-112 टीमें न केवल त्वरित सहायता पहुंचाएंगी.

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर धराया

**धार, 01 नवम्बर.** पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार पारुल वेलापुरकर के द्वारा सम्पूर्ण जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकङ कर लगातार कार्यवाही की जाने हेतु निर्देशित किया गया था. जिसके तारतम्य में 29 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिडवाल रोड, भोइंदा फाटा कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से ब्राउन सुगर स्मैक की तस्करी करने वाला है. आरोपी वीरेन्द्रसिंह पिता धारासिंह गोयल जाति राजपूत निवासी चौपाटी कानवन थाना कानवन जिला धार का होना बताया, जिसकी तलाशी पर उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया.

# सरपंच पति को गोली मारने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

▶ कार, बाइक, पिस्टल, कारतूस किए जब्त

**जबलपुर, 01 नवम्बर. भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बिलखरवा आकाश ढाबा के सामने सरपंच पति को गोली मारने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

इसका खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में अति पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी ने किया. पुलिस के मुताबिक दुर्गेश लोधी 36 वर्ष निवासी घुंसौर थाना शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी श्रीमति रानू पटेल ग्राम घुंसौर ग्राम पंचायत घुंसौर की सरपंच है. एक सप्ताह पहले कार से क्रमांक एमपी 20 जेड एच 1515 से आकाश ढाबे जाने के लिये कटंगी वायपास दमोहनाका ब्रिज पर गढ़ा होते हुये निकलकर आकाश ढाबा बिलखरवा भेड़ाघाट शाम लगभग 4-30 बजे पहुँचा वहीं खाना खा कर रात लगभग 8 बजे ढाबा से मोबाइल पर बात कर पैदल पैदल चल रहा था उसी समय अचानक 2 लडक़े उसके बाजू में आ गये जिन्होंने फायर कर दिया था जिससे उसे चोटें आई थीं.

राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के चलते अजीत उर्फ अज्जू लोधी से पुराना विवाद था. दुर्गेश और उसके भाइयों ने अजीत पर फायरिंग की थी, जिस पर थाना शहपुरा में केस दर्ज हुआ था. उसी रंजिश के कारण तीनों आरोपियों ने बदला लेने की साजिश रची थी.

# मांगलिक कार्य शुरू

**नव भारत न्यूज**

**रीवा,** 1 नवम्बर, देवउठनी एकादशी जिले भर में धूमधाम से मनाई गई. शाम को घरो में रंगोली सजाने के साथ आतिशबाजी की गई. आज से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएगें. कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठान एकादशी के रूप में मनाया जाता है. मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और चार माह बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागृत होते हैं. इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है, जिसमें विवाह और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं. देवउठान एकादशी पर श्रीहरि विष्णु के जागृत होने के बाद सभी शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत हो जाती है.

# मध्यप्रदेश को दुनिया का उत्कृष्ट प्रदेश बनाने का संकल्प लेकर कार्य करें

▶ नीमच में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नीमच,01 नवम्बर. प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.**

जिला स्तरीय समारोह पूर्व मंत्री एवं विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच दिलीपसिंह परिहार, विधायक मनासा अनिरुद्ध मारू, महामंडलेश्वर सुरेशानंद शास्त्री, जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जनपद अध्यक्ष शारदा धनगर, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसपी अंकित जायसवाल, एडीएम बीएस कलेश की उपस्थिति में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के दलों ने प्रदेश की गौरव गाथा पर आधारित देशभक्ति पूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अतिथियों और उपस्थित जनसमुदाय ने करतल ध्वनि से सराहना की. इस मौके पर अतिथियों द्वारा आई गाट प्रशिक्षण मॉड्यूल पर सीखो सप्ताह के तहत कर्म योगी एप पर सर्वाधिक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पशुपालन विभाग के श्री अर्पित कुमार यादव और और गोपाल पुरस्कार योजना के तहत प्रदेश में तीसरा पुरस्कार प्राप्त करने पर टोलखेड़ी के पशुपालक भगत बैरागी को मिला.

**एक नजर में** ▶ उपभोक्ता संरक्षण पर प्रश्नावली के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की

# बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए संगठन निरंतर करेगा प्रयास : पांडेय

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** बच्चे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। ये आने वाले देश का भविष्य हैं, वर्तमान में व्हाट्सएप, सोशल मीडिया, टीवी, इंटरनेट इन सबने देश के नागरिको को प्रभावित किया है। उक्त विचार म.प्र. ग्रामीण उपभोक्ता कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रश्मि राजेन्द्र पांडेय ने मॉडल स्कूल जावरा में बच्चे उपभोक्ता के रूप में विषय पर आयोजित सेमिनार में अतिथि के रूप में व्यक्त किये । आयोजन में उपभोक्ता संरक्षण पर प्रश्नावली के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की गई।



श्रीमती पांडेय ने कहा कि आज सबसे बडी जरूरत है कि बच्चों को सोशल मीडिया का उपयोग करना सिखाया जाए और उन्हें यह ज्ञान दिया जाए कि इनमे अपने लिए कौन सी चीज ठीक है और कौन सी नही। सोशल मीडिया में परोसे जा रहे ऐसे विषय जो बच्चों की मानसिकता व उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और जो बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हैं उनका उपभोक्ता संगठन द्वारा विरोध किया जाएगा एवं केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह अन्य विकसित देशों की तरह हमारे देश के बच्चों को भी मौलिक एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिकार प्रदान करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश ग्रामीण उपभोक्ता कल्याण संघ की प्रदेश सचिव राजलक्ष्मी चंद्रावत ने अपने उदगार में कहा कि बच्चे अपने अधिकारों के लिए सजग व जागरूक रहें खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अपने शिक्षण की सामग्री जैसे कॉपी, पैन, किताब पर लिए जा रहे हैं, उनका मूल्य व जीवन के अन्य साधनों से जुडी हुई वस्तुओं की खरीद एवं सेवाओं की प्राप्ति में पूरी जानकारी लेकर वस्तु को खरीदे या सेवा को प्राप्त करे ।

**प्रमाण पत्र व राशि प्रदान की**

संगठन के द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भविष्य पाटीदार ने प्रथम, बंटी पाटीदार एवं सुभाष सूर्यवंशी ने द्वितीय तथा तनिष्क पाटीदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनका सम्मान कर संगठन की ओर से प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक राशि प्रदान की गई। अंत में कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए जिला उपभोक्ता कल्याण संघ की सचिव जागृति ठक्कर ने बच्चों को धर्म, अध्यात्म और उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जानकारी एवं अनुशासन प्रिय होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुमन मेहता ने किया, कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ता संगठन के सदस्य उषा सोलंकी, अर्चना पाण्डेय, संतोष शर्मा ने कार्यक्रम के सफलतम आयोजन में सहयोग प्रदान किया।